**राजस्थान सरकार**
**निदेशालय पशुपालन, जयपुर**
**पशुधन भवन, टोंक रोड़, जयपुर, राजस्थान–302015**
**director.ahd@rajasthan.gov.in** दूरभाष–नं: 0141–2743331

---

क्रमांक एफ.वी.9(1)(4)(19)स्था/ब/सं.ब./पशु. निरी./भर्ती/2024/12830 जयपुर, दिनांक 01.12.2025

## <u>आदेश</u>

विभागीय आदेश क्रमांक 12665 दिनांक 31.10.2025 के द्वारा पशुधन निरीक्षक सीधी भर्ती –2024 में सूचीबद्ध 02 गुणा अभ्यर्थियों को दिनांक 10.11.2025 से दिनांक 28.11.2025 तक तथा उक्त अवधि में अनुपस्थित अभ्यर्थियों को दिनांक 01.12.2025 को पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु पशुधन परिसर, गांधी नगर मोड़, टोंक रोड़, जयपुर में आमंत्रित किया गया था।

उक्त अवधि के दौरान पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु अनुपस्थित रहे सूचीबद्ध अभ्यर्थियों को द्वितीय एवं अंतिम अवसर देते हुए दिनांक 03.12.2025 को दस्तावेज सत्यापन हेतु वांछित दस्तावेजो के साथ उपस्थित होने हेतु आमंत्रित किया जाता है। दिनांक 10.11.2025 से दिनांक 01.12.2025 तक अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों <u>के रोल नम्बर अनुसार सूची संलग्न है।</u>

**सूचीबद्ध अनुपस्थित रहे अभ्यर्थी निर्धारित दिनांक 03.12.2025 को प्रातः10:00 बजे से सांय 03:00 बजे तक** पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु विभागीय आदेश क्रमांक 12665 दिनांक 31.10.2025 में दिए गए दिशा निर्देशानुसार विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म (Scrutiny Form) की प्रति तथा मय स्व प्रमाणित दस्तावेज व समस्त मूल दस्तावेजों के साथ पशुधन परिसर, गांधी नगर मोड़, टोंक रोड़, जयपुर में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

**<u>दिनांक 03.12.2025 को अनुपस्थित अभ्यर्थियों को इनके अलावा अलग से कोई अवसर प्रदान नहीं किया जावेगा तथा अनुपस्थित अभ्यर्थियों का अस्थायी चयन निरस्त कर दिया जावेगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।</u>**

**पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बिन्दुओं का विशेष रूप से ध्यान देवें:–**

1. समस्त अभ्यर्थी पशुधन निरीक्षक सीधी भर्ती 2024 के लिये राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर द्वारा दिनांक 11.12.2024 को जारी विज्ञापन संख्या 15/2024 एवं संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 12.02.2025 एवं 04.09.2025_का ध्यान पूर्वक अध्ययन कर लेवें।
2. अभ्यर्थी विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म(Detailed Form Cum Scrutiny ) मय समस्त दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित प्रति एवं जमा फीस की प्रति अपने साथ लावें।

3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, मूल निवास, चरित्र, विशेष योग्यजन, विवाह, खेल , सेवारत होने पर सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र, समस्त आवश्यक मूल दस्तावेज एवं प्रमाण–पत्र तथा स्वयं का पहचान पत्र एवं 02 नवीनतम पासपोर्ट साईज फोटो आदि आवश्यक रूप से साथ लावें।
4. अभ्यर्थी अपना ई–आधार डाउनलोड कर जिसमें QR-Code अंकित हो की प्रति आवश्यक रूप से साथ लावें।
5. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण पत्रों एवं दस्तावेजों की स्व–प्रमाणित प्रति (संलग्न परिशिष्ट में निर्धारित क्रमानुसार)संलग्न करें।
6. जिन अभ्यर्थियों द्वारा ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा फॉर्म(Detailed Form Cum Scrutiny ) नहीं भरा गया है, वे अभ्यर्थी राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की वेबसाईट से उक्त फॉर्म डाउनलोड कर प्रिंट लेकर उसमें समुचित प्रविष्टियां कर 100 रूपये के पोस्टल ऑर्डर(सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के नाम पर) के साथ कारण सहित दस्तावेज सत्यापन हेतु उपस्थित होवें।

**संलग्नः– 1. सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की सूची ।**

**(डॉ0 सुरेश चन्द मीना )**
**निदेशक**

क्रमांक एफ.वी.9(1)(4)(19)स्था/ब/सं.ब./पशु.निरी./भर्ती/2024/12831–33 जयपुर,दिनांक 01.12.25

**प्रतिलिपि–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–**

1. सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर को भेजकर निवेदन है कि उक्तानुसार सूचना बोर्ड की वेबसाईट पर अपलोड करावे।
2. एसीपी, निदेशालय पशुपालन विभाग को भेजकर लेख है कि उक्त सूचना विभाग की वेबसाईट पर अपलोड करवाएं।
3. रक्षित पंजिका

**निदेशक**

Signature Not Verified

Digitally signed by Suresh Chand Meena
Designation : Additional Director
Date: 2025.12.01 17:14:40 IST
Reason: Approved
Location:

RajKaj Ref No.: 19132052
eSign 1.0